NSW HEALTH
July 2005
[DOH-7605]

HINDI

ट्यूबरक्यूलिन त्वचा परिक्षण
Tuberculin Skin Test

तपेदिक क्या है ?

- तपेदिक (टीबी) एक ऐसा रोग है जो *माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्यूलोसिस* बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है। टीबी फेफड़ों को व शरीर के अन्य भागों को नुकसान पहुंचा सकती है और गंभीर रूप से बीमार कर सकती है।

ट्यूबरक्यूलिन त्वचा परीक्षण क्या है ?

- ट्यूबरक्यूलीन त्वचा परीक्षण (TST) जिसे मैन्टोक्स टैस्ट से भी जाना जाता है, का प्रयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि क्या आपको टीबी का संक्रमण हो गया है।
- एक छोटा सा टीका बस त्वचा के नीचे लगाया जाता है, अक्सर बांयीं बाजू के आगे के हिस्से पर, और 48-72 घंटे के बाद, उस जगह को किसी भी होने वाली प्रतिक्रिया (सूजन) के लिए देखा जाता है।
- यदि आप टीबी से संक्रमित हो चुके हैं या BCG का टीका लगवा चुके हैं तो सूजन हो सकती है। यदि सूजन हो जाए तो यह अंत में समाप्त हो जाएगी।
- समुदाय का एक छोटा भाग TST पॉजिटिव होगा लेकिन अधिकतर टीबी से संक्रमित लोगों को टीबी रोग नहीं होता।

TST करवाने से पहले :

नर्स को बताना महत्त्वपूर्ण है यदि

- आपको किसी प्रकार का कैंसर है जिनमें लिम्फ़ोमा और हॉजकिन रोग शामिल हैं
- आप ऐसी दवाई ले रहे हैं जो रोग प्रतिरक्षण तंत्र को प्रभावित करती है उदाहरण के लिए कोरटिको-स्टैरॉयड (प्रैडनिसोन), साईक्लोस्पोरिन या रसायन चिकित्सा की दवाईयां (कैंसर के इलाज के लिए)
- आपको हाल ही में संक्रमण हुआ है (पिछले महीने में)उदाहरण के लिए इन्फलूएंजा, खसरा, या काली खांसी
- आपको (पिछले महीने में) कंठमाला, खसरा और रूबेला या वैरीसेला (चिकनपॉक्स)का टीका लगा है
- जिन्हें एच आई वी / एड्स है
- आपको एच आई वी / एड्स है ये स्थितियां TST का असर निर्धारित करने को व प्रबंधन को प्रभावित कर सकती हैं।

टीके की जगह की देखभाल

- उस जगह को न खुरचें
- उस जगह को किसी पट्टी, क्रीम या मलहम से न ढकें
- यदि कोई छाले हो जाएं तो उन्हें न फोड़ें
- आप काम, खेल व नहाने सहित सभी सामान्य गतिविधियां करते रह सकते हैं।

टैस्ट के बाद क्या होता है ?

- TST के बाद आप 48-72 घंटे के बाद अवश्य क्लिनिक वापिस जाएं ताकि किसी भी प्रतिक्रिया को देखा और रिकॉर्ड किया जा सके।
- कुछ लोगों का यदि TST नैगेटिव आया है तो उनका दोबारा TST हो सकता है।

ट्यूबरक्यूलिन त्वचा परीक्षण को क्यों दोहराया जाता है ?

- पहला TST नैगेटिव हो सकता है क्योंकि समयांतर में TST की प्रतिक्रिया कम या अदृश्य हो सकती है।
- दूसरा TST (2- चरण वाला TST) रोग प्रतिरक्षण तंत्र को उत्तेजित करने के लिए किया जाता है ताकि वह प्रतिक्रिया उत्पन्न की जा सके जो शायद अदृश्य हो गयी हो।
- झूठी पॉजिटिव व नैगेटिव प्रतिक्रियाएं लगातार चलने वाली जांच व इलाज के फैसले को मुश्किल बना सकती है। 2- चरण वाला TST इस स्थिति को स्पष्ट करने में मदद कर सकता है।

यहां से जाने के बाद यदि आपको टैस्ट संबंधी कोई चिन्ता हो तो,
कृपया चैस्ट क्लिनिक को फ़ोन करें

NSW चैस्ट क्लिनिक

मुख्य नगर के क्लिनिक : **Metropolitan Clinics:**		टेलीफोन न : **Telephone No.**
Central Sydney	Canterbury Hospital	9787 0162
	Concord Hospital	9767 5675
	Royal Prince Alfred Hospital	9515 8846
Northern Sydney	Hornsby Hospital	9477 9317
	Manly Hospital	9976 9542
	Royal North Shore Hospital	9926 7905
South Eastern Sydney	Prince of Wales Hospital	9382 4636
	St George Hospital	9350 2503
	St Vincent's Hospital	8382 3876
	Sydney Hospital	9382 7535
South Western Sydney	Liverpool Hospital	9829 4888
Wentworth	Nepean Hospital	4734 2536
Western Sydney	Parramatta Health Services	9843 3110

देहाती क्लिनिक :
Rural Clinics:

Central Coast	Gosford Hospital	4320 3388
Far West	Broken Hill Hospital	(08) 8080 1317
Greater Murray	Wagga Wagga Centre of Public Health	6933 9125
	Griffith Community Health Centre	6966 9900
Hunter	John Hunter Hospital	4921 3372
Illawarra	Wollongong Hospital	4253 4138
Macquarie	Dubbo Centre of Population Health	6841 2345
Mid Western	Orange Base Hospital	6393 3480
Mid North Coast	Coffs Harbour Health Campus	6656 7855
	Port Macquarie Health Centre	6588 2755
	Taree Health Centre	6592 9625
New England	Tamworth Base Hospital	6768 3392
Northern Rivers	Lismore Base Hospital	6620 2280
Southern	Bega Community Health Centre	6492 9620
	Cooma Community Health Centre	6455 3201
	Goulburn Community Health Centre	4827 3913
	Narooma Community Health Centre	4476 2344
	Queanbeyan Community Health Centre	6298 9233
	Young Mercy Care Centre	6382 1111

NSW Department of Health:

73 Miller Street
North Sydney NSW 2059

फ़ोन : (02) 9391 9000
फैक्स: (02) 9391 9101
टीटीवाई: (02) 9391 9900

NSW Health website: ***www.health.nsw.gov.au***